'इन्वेस्टगढ़-छत्तीसगढ़' के लोगो और वेबसाइट का लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

2 सितंबर, 2021 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने आवास कार्यालय में आयोजित‘**इन्वेस्टगढ़ छत्तीसगढ़ परियोजना**’ के उद्घाटन समारोह में **ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2022** की औपचारिक घोषणा करते हुए ‘**इन्वेस्टगढ़-छत्तीसगढ़**’ के **लोगो** और **वेबसाइट** का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- इस कार्यक्रम में वियतनाम, मलेशिया, सिंगापुर, लंदन, अमेरिका, दुबई, मिस्र आदि देशों के विभिन्न निवेशक समुदायों के प्रतिनिधियों ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।
- गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिये 27 जनवरी, 2022 से 1 फरवरी, 2022 तक नवा रायपुर में **ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2022 ‘इन्वेस्टगढ़ छत्तीसगढ़’** का आयोजन किया जाएगा।
- इसका आयोजन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में **छत्तीसगढ़ वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा** किया जाएगा और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कंसल्टेंसी फर्म मेसर्स एडुवजिन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ब्रांड नाम ‘**वेक्सपोइंडिया**’ इसकी मेज़बानी करेगा।
- इस परियोजना के उद्घाटन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार ने ‘**वेक्सपोइंडिया**’ के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। समझौता ज्ञापन के तहत, छत्तीसगढ़ सरकार **ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट, 2022** के आयोजन के लिये **नवा रायपुर** में ‘**वेक्सपोइंडिया**’ को मुफ्त स्थान प्रदान करेगी।
- ‘इन्वेस्टगढ़ छत्तीसगढ़’ कार्यक्रम के आयोजन के लिये ‘वेक्सपोइंडिया’ द्वारा एक विस्तृत परियोजना की रूपरेखा तैयार की गई है। परियोजना की पूरी लागत सरकार के सहयोग से प्रायोजकों के माध्यम से कंपनी द्वारा वहन की जाएगी।
- इस परियोजना का **कुल बजट लगभग 107 करोड़** रुपए प्रस्तावित है। इस परियोजना के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से राज्य में **50 अरब डॉलर** के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।
- ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट दुनिया के अग्रणी निवेशक समुदायों, कंपनियों, व्यापारिक नेताओं, राज्य सरकार के अधिकारियों, स्थानीय उद्योगपतियों को एक मंच पर इकट्ठा होने का अवसर प्रदान करेगा और इससे राज्य के उद्योगपतियों को भी मदद मिलेगी। यह आयोजन औद्योगिक विकास को गति देगा और राज्य में रोज़गार के अधिक अवसर पैदा करेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/launch-of-the-logo-and-website-of-investgarh-chhattisgarh